अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 9 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 06 : BOTTOM

मुकाबला

यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दौरान आरती और अवनी को मिला विशेष पुरस्कार

# पहला राष्ट्रीय पदक जीतने पर यूपी महिला टीटी टीम सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित इनडोर स्टेडियम में आयोजित 13वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दौरान उत्तर प्रदेश की महिला टेबल टेनिस टीम को पहला राष्ट्रीय पदक जीतने पर सम्मानित किया गया।

नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पहली बार कोई पदक जीतने का गौरव हासिल करने वाली महिला टीम की पांच सदस्यों आरती चौधरी, अवनी त्रिपाठी, दिशा, अंबिका गुप्ता और एलोना मिश्रा को छह-छह हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विमेंस डबल्स में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली जोड़ी आरती चौधरी और अवनी त्रिपाठी को 15-15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार अलग से दिया गया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एसआरएमएस सीईटी ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में खिलाड़ियों और कोचों पर पुरस्कारों की बौछार हुई, जिसमें बरेली टेबल टेनिस संघ ने भी अपनी ओर से प्रत्येक खिलाड़ी एवं कोच को पांच-पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य कोच पराग अग्रवाल और सौरभ पोद्दार को भी पांच-पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, यूपीटीटीए के सचिव अरुण बनर्जी और निर्मोय मित्रा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान, यूपीटीटीए के कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, संयुक्त सचिव सर्वेश कुमार, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट योगेंद्र गौतम, टेकिनकल कमेटी के चेयरमैन एनके लाहिरी, डॉ. नितिन सक्सेना, शंकर पाल आदि मौजूद रहे।




एसआरएमएस में महिला टीम का सम्मान किया गया। स्रोत : संस्थान